卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 25 | अंक 4 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | बृहस्पतिवार | 10 अक्टूबर 2024 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## सप्तम नवरात्र




नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के कालरात्रि स्वरूप की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं।

# रतन टाटा के अंतिम दर्शन को उमड़े लोग

### देश भर में छाई मायूसी, महाराष्ट्र कैबिनेट ने रतन टाटा को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पास किया

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा अब नहीं रहे। उनका 86 वर्ष की उम्र में निधन हो



गया। रतन टाटा ने बुधवार रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यहां उन्हें कुछ दिन पहले भर्ती कराया





गया था। बुधवार रात ही उनके पार्थिव शरीर को अस्पताल से घर लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स हॉल में रखा गया। यहां गुरुवार सुबह उनके अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। रतन टाटा के निधन से पूरे देश में मायूसी छाई हुई है। देश भर की तमाम नामी गिरामी हस्तियों ने रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उधर महाराष्ट्र कैबिनेट ने रतन टाटा को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पास किया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि रतन टाटा देश के अभिमान और स्वाभिमान थे। शिंदे कैबिनेट ने केंद्र सरकार से भारत रत्न देने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टाटा के परिवार से फोन पर बात की । पीएम मोदी ने रतन टाटा के स्वर्गवास पर उनके परिवारजनों को ढांढस बंधाया और गहरी संवेदना प्रकट की। रतन टाटा के स्वर्गवास पर एक्टर अनुपम खेर ने कहा,मुझे लगता था कि रतन टाटा जीवन भर हमारे साथ रहेंगे क्योंकि जब कुछ लोगों की बात आती है, तो आप उनसे हर दिन नहीं मिल सकते हैं, लेकिन आप देश के बुनियादी (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर हमले से राज्य लोक सेवा आयोग की वेबसाइट ठप

देहरादून (उद संवाददाता)।साइबर हमले के बाद से राज्य लोक सेवा आयोग की वेबसाइट ठप है। आईटीडीए के विशेषज्ञ लगातार इसे सुचारू करने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। उधर, युवाओं के भविष्य को देखते हुए आयोग अब पुराने तरीके से समाचारपत्रों में रिजल्ट प्रकाशित करने की तैयारी में है। राज्य लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर नई भर्तियों के विज्ञापन, परीक्षाओं के परिणाम, एडमिट कार्ड से लेकर सिलेबस तक सब कुछ जानकारी उपलब्ध होती है। साइबर हमले के बाद से यह वेबसाइट बंद है। इसका बैकअप आईटीडीए के पास से लिया गया था जो माकोप रैनसमवेयर हमले में इंक्रिप्ट हो गया था। इसके चलते आठ दिन से वेबसाइट बंद पड़ी हुई है। बेरोजगार युवा लगातार वेबसाइट चलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत का कहना है कि वह आईटीडीए से लगातार संपर्क में हैं। उनके विशेषज्ञ वेबसाइट चलाने की कोशिश कर रहे हैं। बताया, जब तक वेबसाइट शुरू नहीं होगी तब तक कुछ भर्तियों के रिजल्ट वह समाचार पत्रों में जारी करेंगे।जैसे ही वेबसाइट सुचारू होगी, वैसे ही नई भर्ती के विज्ञापन, इसी महीने होने वाली समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा के एडमिट कार्ड व अन्य कामकाज पूरे करेंगे। उधर, आईटीडीए की निदेशक नितिका खंडेलवाल का कहना है कि वेबसाइट में कुछ तकनीकी दिक्कतें आ रहीं थीं। जल्द ही वेबसाइट को सुचारू कर दिया जाएगा

## मजदूर किसान महापंचायत में श्रमिकों ने भरी हुंकार

### डाल्फिन कंपनी के मजदूरों ने शुरू किया आमरण अनशन

रूद्रपुर (उद संवादाता)।डॉल्फिन मजदूर संगठन, श्रमिक संयुक्त मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आज गाँधी पार्क में मजदूर किसान पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें डॉल्फिन कंपनी में बुनियादी श्रम कानूनों के उल्लंघन, श्रम भवन में चल रहे खुले भ्रष्टाचार और डॉल्फिन, लुकास, इंटरार्क पंतनगर और किच्छा, हेंकल, करोलिया, नील मेटल, बड़्व, नेस्ले, पारले पंतनगर और सितारगंज ऑटो लाइन,एरा, गुजरात अंबुजा सहित कम्पनियों में चल रही श्रमिकों की समस्याओं का समाधान कराने और जिला प्रशासन, श्रम विभाग आदि की मध्यस्थता में हुए समझौतों को



लागू कराने की मांग जोरदार ढ़ंग से उठाई गई। साथ ही श्रम भवन में उजागर हुए भ्रष्टाचार की न्यायिक जाँच की मांग की हेतु निर्णायक संघर्ष खड़ा करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये गए। पंचायत के दौरान डॉल्फिन कंपनी की मजदूर महिलाओं के साथ ही पुरुष मजदूरों द्वारा पंचायत की शुरुआत में ही आमरण अनशन प्रारम्भ किया। श्रमिक नेताओं ने कहा कि आज बुनियादी श्रम कानूनों को लागू कराने के लिए महिलाएं आमरण अनशन पर बैठकर अपना जीवन दाव पर लगाने को विवश हैं। दर्जनों विकलांग मजदूरों को भी डॉल्फिन कम्पनी मालिक द्वारा परमानेंट नौकरी से निकालकर उन्हें भूखे मरने को विवश कर दिया है। अनशन पर बैठी महिलाओं का कहना था कि आज पूरे देश में नवरात्रि के अवसर पर आज और कल को कन्याओँ को देवी के रूप में पूजा जायेगा और कन्या पूजन होगा,वहीं हम गरीब मजदूर महिलाओं की कोई सुनने वाला नहीं है। डॉल्फिन कंपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने मिनी स्टेडियम का किया भूमि पूजन

### नगर के जीआईसी में हो रहा निर्माण,युवाओं को मिली बड़ी सौगात

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगरीय क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने खिलाड़ियों और युवाओं को सौगात देते हुए मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम किया। 97 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण होना हैं। कैबिनेट मंत्री की खिलाड़ियों, युवाओं को दी गई इस सौगात की हर तरफ प्रशंसा हो रही हैं। बृहस्पतिवार को




राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने उनके वार्ड में आने वाले जीआईसी मैदान को मिनी स्टेडियम में परिवर्तित करने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने करोड़ों की लागत से सड़कों का जाल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पार्क, पार्किंग, महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति आदि का निर्माण कराया हैं। बहुगुणा परिवार का फोकस हमेशा से आमजन से जुड़ी जरूरी सुविधाओं और योजनाओं पर रहा है। वर्तमान में उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज मैदान को मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए परिवर्तित किया। जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया है। मिनी स्टेडियम का निर्माण होने से युवा वर्ग खेलों का प्रति झुकाव बड़ेगा। जिससे युवा वर्ग नशे आदि की संगत से (शेष पृष्ठ सात पर)

## शीतकाल के लिए बंद हुए हेमकुण्ड साहिब के कपाट

देहरादून (उद संवाददाता)।हेमकुंड साहिब और लक्ष्मण मंदिर के कपाट गुरुवार को शीतकाल के लिए बंद हो गए। बर्फबारी के बीच 12 बजे अंतिम अरदास पढ़ गई। इसके बाद दरबार साहिब से पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब को सचखंड में सोवित किया गया। दोपहर एक बजे कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। पुणे के सुरिंदरपाल सिंह और उनके जत्थे ने दरबार साहिब में वर्ष का



अंतिम कीर्तन किया। इस दौरान गढ़वाल स्काउट और पंजाब के बैंड भी मौजूद रहे। गुरुद्वारा के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि कपाट बंद होने के दौरान 2,500 से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल श्रद्धालुओं का आंकड़ा बढ़ा है। इस साल 2लाख 37 हजार श्रद्धालु पहुंचे।

## आधी रात को कुंडा थाने पहुंचे एसएसपी, मचा हड़कंप

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा चार्ज लेने के बाद लगातार एक्शन में है। बुधवार देर रात्रि एसएसपी कुंडा थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने का औचक निरीक्षण किया। एसएसपी मिश्रा ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं को जाना तथा अभिलेखों की जांच की। उन्होंने कुंडा थानाध्यक्ष हरेन्द्र चौधरी को रिकॉर्डों को अपडेट रखने के निर्देश दिये तथा उपनिरीक्षकों को मुकदमों की लंबित विवेचनाओं के



तत्परता से गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एसएसपी ने देर रात निरीक्षण के दौरान कर्मचारी बैरक, सीसीटी एन एस, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मालखाने की जांच की। उन्होंने निर्देश दिये कि हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर व अपराध रजिस्टर को अपडेट रखें। उनके द्वारा थाना परिसर की साफ सफाई रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग को प्रभावी बनाने, रात में पुलिस गश्त, पिकेट को प्रभावी रूप से करने हेतु थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। एसएसपी के जाने तक पुलिस कर्मियों की सांस अटकी रही।

## डीएम ने किया 1.70 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

रूद्रपुर(उद संवाददाता) जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण/ आपात कालीन परिचान केन्द्र में 1.70 करोड़ की लागत से भवन का सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकरण व नव निर्मित सभागार का लोकार्पण जिलाधिकारी उदयराज सिंह गुरूवार को किया। जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण/आपात कालीन परिचान केन्द्र के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकरण से आपदा के समय कार्यो के सम्पादन में सुविधा होगी साथ ही आपातकालीन परिचान केन्द्र से आपदा के साथ ही निर्वाचन, धान खरीद आदि



महत्वपूर्ण कार्यो की मानिट्रिगं में भी समय-समय पर उपयोग किया जाता है। उन्होने बताया कि पूर्व में आपदा प्रबंधन 7 डेस्क सिस्टम पर आधारित था वर्तमान में आईआरएस सिस्टम क्रियान्वित है जिसमे जनपद के (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में बढ़ रहा जातिगत उत्पीड़न और भेदभाव

## वर्ष 2023 में एससी,एसटी एक्ट के दर्ज हुये 63 मुकदमें पुलिस ने 34 में चार्जशीट तथा 2 में लगायी फाईनल रिपोर्ट

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में जातिगत उत्पीड़न व भेदभाव बढ़ रहा है। यह पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये एस.सी./एस.टी एक्ट के अपराधों की बढ़ोत्तरी से लगता है। उत्तराखंड में जहां वर्ष 2020 में एस सी/एस टी एक्ट के 21 मुकदमें दर्ज हुये है, वह 2021 में बढ़कर 22 तथा 2022 में बढ़कर 28 तथा 2023 में तिगुने से अधिक 64 हो गये हैं। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से वर्ष 2023 में दर्ज अपराधों सम्बन्धी विवरणों की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक), शाहजहां जावेद खान ने अपने पत्रांक 53 के साथ पुलिस उपाधीक्षक सी.सी.टी.एन.एस. विवेक सिंह कुटियाल द्वारा उपलब्ध कराये गये एससी/एसटी एक्ट सम्बंधी अपराधं के विवरण की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध वर्ष 2023 के एस.सी/एस.टी एक्ट सम्बन्धी अपराध विवरण के अनुसार 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2023 तक उत्तराखंड में कुल 64 अपराध दर्ज हुये। इसमें से 2 केस कार्यवाही योग्य नहीं पाये गये जिसमें फाइनल रिपोर्ट लगायी गयी तथा 34 में अपराध होना पाया गया तथा अभियुक्तों को दण्ड दिलाने हेतु चार्जशीट न्यायालय को प्रेषित की गयी, इनमें वर्ष में 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया। यह सभी अपराध प्रदेश के 9 जिलों में दर्ज हुये हैं। चम्पावत, रूद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल तथा उत्तरकाशी जिले में एस.सी/एस.टी अधिनियम का वर्ष 2023 में कोई अपराध दर्ज नहीं हुआ है। श्री नदीम को पुलिस



मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये 2020-22 के तुलनात्मक विवरण के अनुसार वर्ष 2020 में प्रदेश के 4 जिलों में 21 मुकदमें दर्ज हुये, 2021 में प्रदेश के 4 जिलों में 22 मुकदमें तथा वर्ष 2022 में प्रदेश में 5 जिलों में 28 मुकदमें एस.सी/एस.टी एक्ट के दर्ज हुये थे। जिलावार तुलना करने पर अल्मोड़ा जिले में वर्ष 2023 में 1 मुकदमा दर्ज हुआ जबकि वर्ष 2022 में भी 1 मुकदमा दर्ज हुआ है जबकि 2020 तथा 2021 में कोई ऐसा मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। बागेश्वर जिले में वर्ष 2023 में 5 मुकदमें दर्ज हुये है जबकि 2020 से 2022 में कोई मुदकमा दर्ज नहीं हुआ है। चमोली में वर्ष 2023 में1 मुकदमा दर्ज हुआ जबकि 2020-22 में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। चम्पावत तथा उत्तरकाशी में 2020 से 2023 तक 4 वर्षों में एस.सी./एस.टी. एक्ट का कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। रूद्रप्रयाग जिले में वर्ष 2023, 2021 व 2020 में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है लेकिन 2022 में 2 मुकदमें दर्ज हुये है। टिहरी गढ़वाल में वर्ष 2023 में तो कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है लेकिन 2022 तथा 2020 में 5-5 तथा 2021 में 3 मुकदमें दर्ज हुये है। वर्ष 2023 में देहरादून जिले में सर्वाधिक 23 मुकदमें एस.सी/एस.टी एक्ट के दर्ज हुये जबकि 2022 में 17, वर्ष 2021 में 9 तथा 2020 में 11 मुकदमें दर्ज हुये थे। वर्ष 2023 में दूसरे स्थान पर उधमसिंह नगर जिले में 19 मुकदमें दर्ज हुये हैं जबकि 2020 से 2022 तक इस जिले में एससी/एस.टी एक्ट का कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। वर्ष 2023 में तीसरे स्थान पर हरिद्वार जिले में 9 मुकदमें दर्ज हुये है जबकि 2020 से 2022 तक इस जिले में भी एससी/एस.टी एक्ट का कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। वर्ष 2023 में नैनीताल जिले में 2 मुकदमें दर्ज हुये है जबकि वर्ष 2020 से 2022 तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।पौड़ी गढ़वाल में वर्ष 2023 में 1 मुकदमा दर्ज हुआ है जबकि 2020 व 2021 में 4-4 तथा 2022 में 2 मुकदमें दर्ज हुये हैं। पिथौरागढ़ जिले में वर्ष 2023 में 3 मुकदमें दर्ज हुये हैं जबकि 2020 से 2022 तक एससी/एस.टी एक्ट का कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। उत्तराखंड में 2023 में जिन एससी/एस.टी मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लगी है वह सभी 2 हरिद्वार जिले के हैं। जबकि चार्जशीट वाले 34 मुकदमों में 14 उधमसिंह नगर जिले, 9 देहरादून, 3-3 हरिद्वार व बागेश्वर, 2 पिथौरागढ़ तथा 1-1 मुकदमा अल्मोड़ा, नैनीताल तथा पिथौरागढ़ जिले का है।

# किच्छा में पटरी पर लौटने लगी यातायात व्यवस्था

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह एवं कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप देने एवं वाहनों के लिए पार्किंग जोन बनाने की कवायद के तहत विभिन्न स्थानों को चिन्हित करते हुए उनके सौंदर्यीकरण की कार्यवाही करते हुए फल ठेला व्यवसाईयों को वेडिंग जॉन में बसाए जाने के प्लान के चलते सड़के अब खुली-खुली नजर आ रही है। हालांकि फड़ ठेला व्यवसाईयों को कुछ समय के लिए व्यवसाय में व्यवधान तो उत्पन्न हो रहा है किंतु धीरे-धीरे फल ठेला व्यवसाईयों का व्यवसाय भी सुचारू रूप से निर्धारित बेंडिंग जोन में चलने की संभावना बनती जा रही है जबकि फास्ट फूड व्यवसाययों द्वारा अपने बेंडिंग जॉन का विभिन्न प्रचार माध्यमों से नगर में प्रचार किया जा रहा है। इसके अलावा फल ठेला व्यवसायी अभी




अपने वेंडिंग जोन को दुरूस्त करने में लगे हुए हैं जबकि नगर पालिका द्वारा प्रत्येक स्थान पर विद्युत व्यवस्था साफ सफाई आदि का क्रियान्वयन कर दिया गया है वही पुलिस प्रशासन द्वारा चिन्हित पार्किंग स्थलों पर पार्किंग का बोर्ड लगाते हुए उसके आसपास भी जबरन जो व्यवसाय करने का प्रयास कर रहे थे उनका चालान कर निर्धारित वेंडिंग जोन में जाने की हिदायत दी जा रही है। उल्लेखनीय कि पिछले कई दशकों से नगर की यातायात व्यवस्था पटरी पर नहीं आ रही थी जिसका एक मुख्य कारण तेला व्यवसाययों का सड़क के दोनों और फड़ ठेला खड़ा होना तथा पार्किंग जॉन का ना होना मुख्य कारण था जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस पर विभिन्न चरणों में विचार विमर्श करने के बाद यह निश्चित किया गया कि सभी प्रकार के फल ठेला व्यवसाईयों को एक विशेष वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया जाए तथा पार्किंग हेतु स्थल चिन्हित किए जाएं। जिसके चलते प्रशासन द्वारा उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र एवं पूर्व कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा वेल्डिंग जोन तथा पार्किंग स्थल चिन्हित किए हुए जिसमें एक बेंडिंग जॉन हल्द्वानी रोड पर बनाया गया तथा दूसरा बेंडिंग जॉन पुराना अस्पताल की खाली पड़ी भूमि पर बनाया गया इसके अलावा दो पार्किंग जोन बनाए गए हैं जिसमें एक पार्किंग जोन पुराने बस अड्डे के नजदीक तथा दूसरा पार्किंग जोन संजय गांधी पार्क के पास बनाया गया है।

# एएचटीयू ने सीमा सशस्त्र बल संग की गोष्ठी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट उधम सिंह द्वारा बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ संयुक्त रूप से सितारगंज में सीमा सशस्त्र बल के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी में बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, सीमा सशस्त्र बल व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा इस बिंदू पर विचार सांझा किए गए कि किस प्रकार की परेशानियां बच्चों व महिलाओं को रेस्क्यू



करते समय आती हैं उनका कैसे समाधान निकाला जाए। इसके अतिरिक्त अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीमा सुरक्षा बल द्वारा बच्चों व महिलाओं को रेस्क्यू करते समय आने वाली परेशानियों के संबंध में अपने विचार सांझा किये। जिसके संबंध में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज द्वारा ऐसे मामलों में किस प्रकार संबंधित थाने की पुलिस का सहयोग लिया जाए के संबंध में जानकारी दी। साथ ही पुलिस के टोल फ्री नंबर 112, 1090 व 1930 के बारे में बताया।

# सड़क निर्माण को लेकर के आंदोलन की सुगबुगाहट तेज

किच्छा (उद संवाददाता)। स्टेट बैंक से लेकर वंडिया तक की सड़क निर्माण को लेकर के आंदोलन की



सुगबुगाहट तेज हो गई है। सड़क निर्माण को लेकर के कभी भी क्षेत्रवासी आंदोलन कर सकते हैं। इस आशय की चेतावनी नगर व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार बजाज की ओर से आ रही है। व्यापारी नेता राजकुमार बजाज ने कहा कि सरकार द्वारा सिरौली से लेकर के राजकीय डिग्री कॉलेज तक नहर कवरिंग कर सड़क बनाने का प्रस्ताव पास करते हुए प्रथम चरण में वंडिया से लेकर के स्टेट बैंक तक नहर कवरिंग कर दी है किंतु स्टेट बैंक से लेकर के वंडिया तक नहर कवरिंग के दौरान सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे क्षेत्र वासियों को आने-जाने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं सड़क के क्षतिग्रस्त होने की वजह से अत्यधिक धूल वातावरण में उड़ रही है जिससे दमा खांसी, फेफड़े खराब होने की तमाम बीमारियां उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि अति शीघ्र नहर के दोनों ओर सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो क्षेत्र वासियों को लेकर के आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने नहर कवरिंग कर रहे ठेकेदार और प्रशासन पर आरोप लगाया है कि नहर कवरिंग का निर्माण कार्य समय पर नहीं किया जा रहा है जिस वजह से क्षेत्र में गंदगी का साम्राज्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में नहर कवरिंग कर दी गई है वहां पर निर्माण कार्य किए जाने के समय नाली टेलीफोन की लाइन विद्युत लाइन एवं पानी सप्लाई की लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी इनमें से कुछ कार्य तो प्रशासन द्वारा समय पर सही कर दिए गए किंतु सड़क निर्माण पर एक वर्ष बीत जाने पर भी कोई शुध नहीं ली जा रही है जबकि क्षेत्र वासियों का जीना दूभर हो गया है हल्की वर्षा में ही स्टेट बैंक से लेकर वंडिया तक सड़क में कीचड़ व फिसलन हो जाती है और धूप पड़ने पर धूल का गुबार लोगों के घरों में घुस जाता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है उन्होंने यहां भी कहा कि यह मौसम विभिन्न प्रकार की बीमारियों के अनुकूल होता है ऐसे में यदि नागरिकों को हल्की सी भी सर्दी जुकाम की शिकायत होती है तो धूल के कारण वह बड़ी बीमारी बन रही है उन्होंने कहा कि वह एसडी शीघ्र ही क्षेत्र वासियों को लेकर इस आशय का एक मांग पत्र उप जिलाधिकारी की किच्छा को सौंपेंगे तथा उसमें सड़क निर्माण के लिए समय निधारित किया जाएगा यदि समय रहते सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो आंदोलन की राह पकड़ी जाएगी।

# हरियाणा की जीत ने विरोधियों को दिया करारा जवाबः भुसरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी ने ने अपने कार्यालय पर मिष्ठान वितरण किया आतिशबाजी की एवं जलेबी खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस ने पहलवानों को किसानों को और नौजवानों को बरगलाने का काम किया था वह उनके बरगलाने में सफल नहीं हो पाये। किसानों पहलवानों और युवाओं ने जिस प्रकार से भाजपा को समर्थन किया है नरेंद्र मोदी की नीतियों का समर्थन किया है इस देश को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने नरेंद्र मोदी को चुना है। मुनी भुसरी ने कहा कि जितनी भी देश विरोधी ताकते नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को पचा नहीं पा रही है उन्हें रोकने का हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन देश की जनता हरियाणा की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है।



# चाय के बर्तन में थूकने वाले दो युवकों को किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। मसूरी में चाय के बर्तन में थूकने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें दोनों युवकों की इस हरकत के बाद से लोगों में आक्रोश देखने को मिला था। जिसके बाद पुलिस ने घटना से सम्बंधित वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। बता दें मंगलवार को हिमांशु बिश्नोई निवासी नेहरू ग्राम ने पुलिस को वीडियो उपलब्ध कराया था। जो उनके द्वारा कुछ दिन पहले मसूरी घूमने के दौरान लाइब्रेरी चौक के पास बनाया गया था। लाइब्रेरी चौक के पास लगी एक रेहडी में दो युवक चाय, मैगी और अन्य सामान बेचते थे। वीडियो में एक युवक चाय बनाने से पहले चाय के बर्तन में बार-बार थूकता हुआ दिखाई दिया। युवकों ने तत्काल मामले को लेकर मसूरी पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। आरोपियों की इस हरकत से लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ के साथ-साथ लोगों की धर्मिक भावनाओ को भडकाने और ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आशारोडी से अरेस्ट कर लिया है। आरोपियों की पहचान नौशाद निवासी मुजफ्फरनगर और हसन अली निवासी मुजफ्फरनगर हाल निवासी मसूरी के रूप में हुई है। बता दें युवकों की इस हरकत के बाद से लोगों में आक्रोश था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ सख्त करवाई करने की मांग की है।मामला सार्वजनिक होते ही मसूरी में हिंदू संगठन आक्रोशित हो गए व बुधवार को जमकर हंगामा किया।घटना



की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर मसूरी पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर धार्मिक भावनाएं भड़काने व जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दून शहर में भी इनामुला बिल्डिंग स्थित एक रेस्टोरेंट में भी रुमाली रोटी में थूक लगाकर ग्राहकों को परोसने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने रेस्टोरेंट को बंद कराकर जांच शुरू कर दी है।देहरादून के नेहरूग्राम निवासी हिमांशु विश्नोई की ओर से मंगलवार को मसूरी पुलिस को एक वीडियो भेजा गया, जिसमें एक युवक चाय के बर्तन में थूकता नजर आ रहा है। हिमांशु ने बताया कि मसूरी घूमने के दौरान वह लाइब्रेरी चौक पर वीडियो बना रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि रेहड़ी पर दो युवक चाय-मैगी व अन्य सामान बेच रहे हैं। उनमें से एक युवक चाय के बर्तन में बार-बार थूककर चाय ग्राहकों को परोस रहा था। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया। बुधवार को मामला सार्वजनिक होने के बाद दोनों युवक फरार हो गए। हिंदू संगठनों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आरोपितों की तेजी से तलाश शुरू कर दी। दोपहर में पुलिस ने दोनों आरोपितों को धर दबोचा। एसएसपी अजय सिंह ने आरोपितों के नाम नौशाद व हसन अली बताए। दोनों आरोपित जमशेर कालोनी थाना-खतौली जनपद-मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों को उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा पर आशारोड़ी में पकड़ा, जब दोनों मुजफ्फरनगर भाग रहे थे। आरोपित मसूरी के गाडीखाना किताबघर के पास किराये पर रह रहे थे। दून में भी रोटी बनाते समय उस पर थूकने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो इनामुला बिल्डिंग स्थित राजधानी रेस्टोरेंट का बताया जा रहा है। कारीगर रुमाली रोटी तवे पर डालते वक्त उस पर थूक लगा रहा है। वीडियो प्रसारित होने के बाद मंगलवार रात पुलिस ने रेस्टोरेंट बंद करा दिया था। पुलिस ने आरोपित कारीगर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# तेरे दर्शन को आया हूं मां, कुछ मन में लाया हूं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय पावन नवरात्रि के सातवें दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में माता के अर्द्धरात्रि जागरण के दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। गत रात्रि मंदिर में अर्द्धरात्रि जागरण का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमान वीना ठुकराल, तजेन्द्र ठुकराल, रामा ठुकराल, हितेश ठुकराल, मिनी ठुकराल, सुनील ठुकराल, शैली ठुकराल, गौततम ठुकराल, अनमोल ठुकराल, जतिन ठुकराल, पार्थ ठुकराल, ज्योत्सना ठुकराल, दिव्या ठुकराल आदि से मां की पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार अमित अरोरा व रमेश राठौर ने गुरू वंदना, गणेश वंदना गाकर भवन में फूलों की वर्षा करवाई। भजन गायक शुभम सक्सेना ने तेरे दर्श को आया हूं कुछ मन में लाया हूं, क्यों रूठी है मां मैं भी जग का सताया हूं, मां तेरी चुनरी लाल लाल, तेरे सोहने झंडे लाल लाल, सारी दुनियां में गूंजे शेरों वाली की जय जयकार, मेरी मुशकिलां दे हल कर दे, पावें अज कर दे पावें कल कर दे, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को मां की भक्ति में मग्न कर दिया। सभी तालियां बजाकर नाचने लगें अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हरीश धीर, रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरूशरण बब्बर, किशनलाल नारंग, पवन गाबा, विकास शर्मा, राजेश पोंपली, अनिल ईशपुजानी, नीलम ईशपुजानी, सुश्री दीक्षित, जुगनू, राजीव मदान, हरीश अरोरा, कमल, उर्वशी गाबा, मिनी ठुकराल, कोनिका धीर, संगीता बांगा, सुनीता बांगा, स्वाति कक्कड़, अन्नू कालड़ा, रचना डंग, पूर्वी गुप्ता, सोनिया ठुकराल, अंशुल बांगा, प्रीति ग्रोवर, रोजी, शालिनी ठुकराल, सोनिया अरोरा, पूनम नागपाल, मोहित अरोरा, दिनेश गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मदान, श्यामलाल मदान, गुलशन गोयल, सौरभ चिलाना, ब्रजभूषण ठक्कर, मनीष गोस्वामी, नीरज बत्रा, सोनू अनेजा, हरीश गुम्बर, निखिल गोयल, रजनी नारंग, सविता गुप्ता, गीता गुप्ता, किशन मुरारी धीर, संजय कोहली, वेद ठुकराल, सतीश धीर, सुमन मदान, रानी अरोरा, वर्षा, राधा रानी, विद्या विरमानी, राजरानी, अंजू ठक्कर, ज्योति नारंग, रक्षा अरोरा, संतोष कक्कड़, आस्था नागपाल, रिक्कल बांगा, किरन धीर, बबीता ठुकराल, नीलम अरोरा, नीतू अरोरा, आशा गाबा, कमल चिलाना, दीपक अरोरा, अमन घीक, अशोक आनन्द, शिखा, सिम्मी साहनी, सावित्री गुप्ता, मंजू बब्बर आदि मौजूद थे।



## दुर्गा पूजा में गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने ट्रांजिट कैंप पहुंचकर शहर की मुख्य दुर्गा पूजा में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर श्री दुर्गा पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने श्रीमती शर्मा सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव



रस्तोगी,निगम पार्षद प्रीति साना,कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार,दिनेश मोर्य,आदि अतिथियों का फूल माला पहनाकर एवं पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रि पर्व, दुर्गा पूजा, और दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष तुलसी शाह, दिलीप अधिकारी, अरविंद सक्सेना, मनोज कुमार, कैलाश चंद्र, मयंक यादव,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## हनुमान ने जला डाली रावण की लंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी में श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के ग्यारवें दिन प्रभु श्री राम जी की लीला का





शुभारंभ उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ,अधिवक्ता डी पी यादव एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत रूप से पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुरेश परिहार ने श्री राम चर्चा करते हुए कहा कि राम नाम से सारे बेड़े पार होते हैं, हमें हमेशा प्रभु का सिमरन करना चाहिए एवं प्रभु इच्छा में ही प्रसन्न रहना चाहिए। भारत भूषण चुघ ने प्रभु श्री राम जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि राम जी ने पूरा जीवन मर्यादा में रहकर जिया,जीवन में कभी भी मर्यादा का उलंघन नही किया, हम भी प्रभु राम जी के आदर्शों पर चलकर उत्तम जीवन जी सकते हैं। डी पी यादव ने भी प्रभु श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला,उन्होंने प्रभु श्री राम जी के चरित्र से सीखने और प्रभु का सिमरन करने का आह्वाहन किया। श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहनाकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।रामलीला के मंचन में रावण हनुमान संवाद,लंका दहन, विभीषण का निष्कासन,कुंभकरण को उठाना एवं कुंभकरण रावण संवाद तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें रावण की भूमिका अतुल बांगा,हनुमान सन्नी कक्कड़,मेघनाद चेतन खनिजों, विभीषण विशाल गुंबर, कुंभकरण की भूमिका अनिल अरोरा ष्टीटूष ने निभाई, मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया।

## रम्पुरा काली मंदिर में दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। रम्पुरा काली मंदिर में आयोजित सार्वजनिक श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा महोत्सव का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजकों ने ठुकराल सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि मां दुर्गा ने आसुरी शक्तियों का नाश किया था। दुर्गा पूजा में हमें भी अपने भीतर की बुराईयों को नाश करने का संकल्प लेना चाहिए तभी दुर्गा पूजा का आयोजन सार्थक होगा। श्री ठुकराल ने कहा



कि दुर्गा पूजा का पर्व हर साल धूमधाम से मनाया जाता है, आज युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक ऐसे पर्वों से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं और मन में नई उर्जा का संचार करते हैं। न्होंने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, अजय नारायण सिंह, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, त्यागी, जीतू वर्मन, विशाल वर्मन, अनिल वर्मन, आशु वर्मन, भोलानाथ मंडल, विष्णु वर्मन, धरमनि वर्मन, सीमा देवनाथ, राहुल बर्मन, उत्तम बर्मन, गोविंद बर्मन, अनूप देवनाथ, विनोद बर्मन, उत्तम बर्मन, गोविंद बर्मन, परिमल बर्मन, गौतम मंडल, विनोद देवनाथ, किशन बर्मन, नंदू बर्मन, राकेश अधिकारी, परमेश्वर वर्मन, विधु भूषण दास, जीवन बर्मन, अक्षय वर्मन, सौरभ बर्मन ,संजू वर्मन, हरिदास बर्मन, भोलानाथ मण्डल, संतोष बर्मन, सुकुमार मंडल, विमल सरकार, राकेश पाल, विकास दास, कार्तिक दास, अमर बर्मन, तरुण बर्मन, आलोक अधिकारी, अमन बर्मन, विनय बर्मन, रूद्र बर्मन, इंद्रजीत दास, विशाल बर्मन, कांतू वर्मन,नरेश बर्मन ,अमित बर्मन, उदय वर्मन, राजकुमार बर्मन, विकास बर्मन, दीपाल बर्मन, रोहन अधिकारी, अंकित बर्मन, देबू बर्मन, कुशल दास, असीम दास, गोविंद डे, शिवा वर्मन, करण बर्मन, दीपक बर्मन, अनिरुद्ध बर्मन, राजू बर्मन, रोहित बर्मन, राहुल कश्यप, अभय बर्मन, आशु बर्मन, राजा बर्मन, रोहित बर्मन, सूरज वर्मन, बदल बर्मन, गोपाल दास, कृष्ण दास, दीपक दास, हर कुमार बर्मन, धीरेंद्र बर्मन, नंदलाल डे, हरी कृष्ण, संजीव बर्मन, लोधी बर्मन, श्रीनिवास बर्मन, विजय बर्मन, हरिकृष्ण बर्मन, पप्पू कश्यप मनीष वर्मा सोनू बर्मन आदि मौजूद थे।

## सेविका समिति ने स्थापना दिवस पर निकाला पथ संचलन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा स्थापना दिवस पर पथ संचलन निकाला गया। सभी महिलाओं और बच्चों ने एक रैली का आयोजन किया। सन 1936 में विजयदशमी के दिन वंदना मौसी और लक्ष्मी बाई केलकर ने लास्ट सेविका समिति की स्थापना की। शुभ दिन पर शस्त्र पूजन किया जाता है तथा विभिन्न स्थानों पर तरह-तरह की आयोजन किए जाते हैं। पथ संचालन



के द्वारा जन जागृति तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जाता है। इस आयोजन में क्षेत्र कार्य महिला श्रीमती नीमा अग्रवाल, विभाग बौद्धिक प्रमुख किरण, बीना, सहकारी बाईका भगवत चरण, सह नगर कार्यवाह रेनू, व्यवस्था प्रमुख चमन, कार्यवाहिका हेमलता, बबीता, अलका सक्सेना, नगर कार्यवाहिका विमला, यशोदा, अर्चना कश्यप, ज्योति कश्यप, बेला तोलिया आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में कवि सम्मेलन का ठुकराल ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। पिपलिया नंबर एक में आयोजित सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा अर्चना के साथ शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने महोत्सव में आयोजित कवि सम्मेलन का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में ठुकराल ने कहा कि दुर्गा पूजा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्र पर्व पर आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सवों एवं विभिन्न कार्यक्रमों से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्वों पर होने वाले आयोजनों से समाज में नई उर्जा का संचार होता है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे की भावना को भी विकसित करते हैं। मां दुर्गा ने अहंकारी महिषासुर का वध करके संदेश दिया था कि अहंकारी कितना भी ताकतवर हो उसका सर्वनाश तय है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पर सभी को अपने भीतर काम क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार जैसे दानवों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी दुर्गा पूजा सार्थक होगी। श्री ठुकराल ने कहा कि आज युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक ऐसे पर्वों से जोड़ने की आवश्यकता है। ताकि उन्हें धर्म और संस्कृति का ज्ञान हो। उन्होंने कहा कि शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा अर्चना का नवरात्र में विशेष फल मिलता है। उन्होंने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ओमियो कुमार विश्वास, ज्योतिष वाला, पिंकू राय, वरुण हालदार, तुषार वाला, विजय मंडल, अतुल पोद्दार, गौतम विश्वास, लव विश्वास, प्रशांत मुखर्जी, हरिपद राहा, मनीष विश्वास, खगेंद्र मंडल, भूपेश पोद्दार, पिंटू राय, मनोज विश्वास, सुशील वाला, हर्षित मंडल, शुभंकर विश्वास, राकेश वाला, जयदेव राहा, गुरु चंद डाली, नवीन सरकार, राजेश विश्वास, भवेंद्र नाथ मंडल, सूरज विश्वास, विपुल हालदार, मनोज बाला, राहुल हालदार आदि मौजूद रहे।



# लेकर राम का नाम, लंका में डंका बजा आये वीर बजरंगबली

## मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने किया मंचन का शुभारंभ, रामलीला कमेटी को पांच लाख देने की घोषणा





रूद्रपुर( उद संवाददाता)।मुख्य रामलीला में विगत रात्रि श्रीराम लीला में हनुमान संपाती संवाद, जामवन्त द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाना, हनुमान का लंका पहुंचना, रावण–सीता संवाद, हनुमान सीता संवाद, हनुमान द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना, हनुमान द्वारा अक्षय कुमार वध , हनुमान– मेघनाद संवाद, मेघनाद द्वारा ब्रहमास्त्र चला कर हनुमान जी को बंधक बनाना, हनुमान–रावण संवाद, लंका दहन तक की लीला का का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला में पहुंचें मुख्य अतिथि अजय भट्ट नें पूर्व में दिये गये अनुदान राशि के कार्यो का लोकार्पण करनें के साथ ही 5 लाख की धनराशि देनें की घोषणा भी की । श्री रामलीला कमेटी ने मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में सांसद अजय भट्ट नें कहा कि रामलीला भारत की सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से भारतीय समाज की पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण किया जाता है। रामलीला द्वारा रामायण की कथा को मंचित किया जाता है जिससे युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और इतिहास की जानकारी मिलती है। रामलीला के प्रत्येक दृश्य को अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो हमें अच्छे और बुरे ,सत्य और असत्य ,सच और झूठ, धर्म और अधर्म का पाठ पढ़ाकर सही के चुनाव को ही हमेशा करनें की सीख देती हैं। गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान वंदना के बाद प्रारम्भ हुयी लीला के प्रथम दृश्य में विशाल समुन्द्र तट पर वानर दल की मुलाकात गिद्धराज संपाति से होती है। गिद्धराज संपाति उन्हें बताते हैं कि माता सीता सौ योजन दूर संमुद्र पार बैठी हैं। जो कोई वानर अपनी बुद्धि व बल से इसे पार करेगा वही सीता माता के दर्शन कर सकेगा। एक बार फिर वानर दल की आशा भरी नजरें हनुमान जी पर जा टिकती है लेकिन हनुमान जी अपनी शक्तियों को भूलकर एक शिला पर जा बैठतें हैं। जामवन्त, अंगद जी, नल, नील सहित समस्त वानर दल हनुमान जी को अपनी शक्तियां याद दिलाता है। जैसे ही हनुमान जी को अपनी शक्तियां याद आती हैं तो वह उड़ान भरकर लंका पहुंच जाते है। लंका में अशोक वाटिका में वह रावण व सीता जी का संवाद सुनते है। रावण के जानें के बाद हनुमान राम जी की मुद्रिका को सीता जी के सामनें फैंकते है। सीताजी हनुमान जी को अपनी पीड़ा बताते हुये कहती हैं कि अब वह ज्यादा समय तक जीवित न रहेंगी। हनुमान जी सीताजी को आशवस्त करते हैं और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि राम अवश्य ही आपको रावण की कैद से आजाद करायेंगे। सीता जी के जानें के बाद हनुमान जी पूरी अशोक वाटिका को उजाड़ देते हैं। रावण के पुत्र अक्षय कुमार का भी वध कर देते है। इसके बाद रावण द्वारा मेघनाद को भेजा जाता है, जो ब्रहमपाश का प्रयोग कर उन्हें बांध लेता है और रावण के दरबार में ले आता है। यहां रावण व हनुमान के बीच तीखी बातचीत होती है। हनुमान की खरी–खरी बातों का जबाव देनें में विफल रावण बौखला जाता है और क्रोधित होकर हनुमान जी को मारने के लिये तलवार उठा लेता है, लेकिन विभीषण द्वारा राजधर्म का पाठ पढ़ाये जानें पर वह हनुमान जी की पूंछ में आग लगानें का आदेश देता है। यह दांव भी रावण पर उल्टा पड़ता है क्योंकि हनुमान जी अपनी पूछं से लंका नगरी को ही जला कर खाक कर देते हैं। लीला में हनुमान जी की भूमिका में सुशील गाबा, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, सीता की भूमिका में गौरव जग्गा, ऋषि– सचिन मुंजाल, मेघनाद– रमन अरोरा, अक्षय कुमार– अभय भुड्डी, विभीषण– सचिन आनन्द, संपाती की भूमिका में गोला ईदरीसी, धनपालिनी की भूमिका में नरेश छाबड़ा, जोकर पार्टी राम कृष्ण कन्नौजिया, गोगी नरूला, कुक्कू शर्मा, पुरूराज बेहड़, कनव गंभीर, एवं वानर दल सेनापति की भूमिका में आयुष्मान सुशील गाबा नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव संदीप धीर एवं मंच सचिव विजय जग्गा नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित अरोरा सीए, समन्यवयक नरेश शर्मा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, श्री रामनाटक क्लब कार्यकारणी सरंक्षक मोहन लाल भुड्डी, सरपरस्त प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, राम कृष्ण कन्नौजिया एवं अनिल तनेजा, डायरेक्टर विशालभुड्डी, मनोज मुंजाल, आशीष ग्रोवर आशू, महामंत्री गौरव तनेजा, कोषाध्यक्ष रमन अरोरा, सहसचिव गौरव राज बेहड़ एवं गुरशरण बब्बर शरणी, सुभाष तनेजा, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, अमित चावला, सन्नी आहूजा आदि मौजूद थे।





## हनुमान जी को शक्तियां याद दिलाने के दृश्य पर दर्शक हुए मोहित



रूद्रपुर। हनुमान दल द्वारा हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाने का दृश्य पूर्ण रूप से नयी साज सज्जा के साथ ही बिल्कुल नये ढंग से दर्शाया गया। बाल कलाकारों द्वारा इस दृश्य में किये गये शानदार अभिनय नें सबका मन मोह लिया। हनुमान जी का किरदार निभा रहे सुशील गाबा नें इस दृश्य को अलग तरीके से करानें की इच्छा जतायी, तो मंच के ही कलाकार अक्ष अग्रवाल नें कोरियोग्राफर की भूमिका निभा डाली। दोनों लोगो व बच्चों की एक पखवाड़े की मेहनत कर नये एवं बाल कलाकारों को करायी गयी तैयारी आज मंच पर दिखायी दी। नव कलाकारों एवं बाल कलाकरों नें एक सुरताल में हनुमान जी को शक्तियां याद करानें, उनकी नयी ड्रैसों नें समां बांध दिया। आखिरी मे हनुमान जी का किरदार निभा रहे सुशील गाबा का विकराल रूप नें एक बड़ी लकीर खेंच दी। इस दृश्य में जामवन्त जी की भूमिका रोहित खुराना, अंगद की भूमिका में आशमन अरोरा, नल– आयुष धमीजा, नील– शौर्य अरोरा, सेनापति आयुष्मान सुशील गाबा, शिव सुखीजा, दिव्यांश गोयल, पारस अरोरा, कनव गंभीर, हर्षित अरोरा, हर्ष नरूला, सक्षम दुआ, ग्रंथ अरोरा, शौर्य चोपड़ा, अग्रिम सच देवा, युवी भुड्डी, निर्वाण जग्गा, मनकरन रंधावा, शिवांश कोहली, शिवाय मुंजाल, माधवन अरोरा, शामिल थे।

## सांसद अजय भट्ट ने की दस लाख देने की घोषणा



रूद्रपुर। श्री रामबाग शमशान बाग रूद्रपुर के प्रबंधक गौरव राज बेहड़ नें क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट को शमशान भूमि रूद्रपुर के विकास कार्यो के लिये ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि सिडकुल की स्थापना के बाद रूद्रपुर शमशान घाट मे आनें वाले पार्थिव देहों के अंतिम दाह संस्कार की व्यवस्था होती है। इसका प्रबंधन श्री सनातन धर्म सभा के माध्यम से संचालित होता है, वर्तमान में इसके जीर्णोद्धार की आवश्यक्ता है। सांसद अजय भट्ट नें तत्काल दलगत राजनीति से उपर उठकर शमशान भूमि के जीर्णाद्धार के लिये 10 लाख रूपये देनें की घोषणा की।



## श्री राम के स्वरूप में दर्शकों का दिल जीत रहे मनोज



रूद्रपुर। पिछले कई वर्षो से नगर की मुख्य रामलीला में प्रभु श्री राम का अभिनय कर रहे मनोज अरोरा के दर्शक काफी कायल है। अभिनय के दौरान उनका मुस्कराता चेहरा उनकी पहचान बन चुकी है। श्री रामलीला के मुख्य किरदार प्रभु श्रीराम जी की भूमिका को वरिष्ठ कलाकार मनोज अरोरा ने इस बार आठवे वर्ष भी जीवन्त किया है। प्रभु श्री राम के अभिनय में श्री अरोरा की अपनी एक अलग पहचान है। अभिनय के दौरान उनकी सौम्य वाणी दर्शकों पर एक अलग ही प्रभाव छोड़ती है। राम का मार्मिक अभिनय कर रहे मनोज पिछले 28 वर्षो से रामलीला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन श्री राम की भूमिका वह आठ वर्षों से निभा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 15 वर्षो तक लगातार सीता, नारद, श्रवण एवं भरत का अभिनय किया। इसी के साथ पूर्व में वह सुषेण,तारा सुलोचना, मन्दोदरी, लक्ष्मण जी के किरदारो को भी मंच पर जीवंत कर चुके हैं। मनोज अरोरा कहते हैं कि श्री राम हिंदू धर्म में आदर्श हैं। उन्हें प्रभु श्री राम का अभिनय करने का जो किरदार मिला है वह उनके लिये बड़ी सौभाग्य की बात हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम जी की सेवा कर उन्हे जो आत्म संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

# विधि विधान से स्थापित हुई गोलू देवता की प्रतिमा

रूद्रपुर। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) गंगापुर रोड के प्रांगण में न्याय के देवता श्री गोलू देवता की नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण फलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास मंत्रोजाप के साथ कराया गया। तत्पश्चात विधि विधान से न्याय के देवता श्री गोलू देवता की मूर्ति की प्राण आशा लोहनी, कृष्ण मिश्रा, शोभा मिश्रा, दीपक लटवाल, शोभा लटवाल आदि जोड़ों ने ष्प्राण प्रतिष्ठाष्पूजा में मुख्य भूमिका निभाई। परिषद से राजेद्र बोरा, आरती के पश्चात जागर का आयोजन हुआ। प्रात: सूर्योदय से पूर्व पूजा उपासना एवं उसके पश्चात हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य





प्रतिष्ठा समारोह के तीन दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस ज्योतिषाचार्य पंडित प्रदीप नैनवाल, पंडित गोपाल मेलकानी, पंडित गणेश जोशी द्वारा सभी मूर्तियों का विधि विधान से जलाधिवास, प्रतिष्ठा की गई।समारोह में यजमान के तौर पर मंजुनाथ टीसी, डा. नंदिता, दिवाकर पांडे,विनीता पांडे, गोपाल पटवाल, सुधा पटवाल,डीके दनाई,लीला दनाई, जगन्नाथ भट्ट,कमला भट्ट,सतीश लोहनी, दिनेश बम, त्रिभुवन जोशी, जगदीश बिष्ट द्वारा चंपावत स्थित श्री गोलू देवता मंदिर से पावन ज्योति लेकर आयी गईं। जिसे पंडित श्री गणेश जोशी द्वारा मंत्रोजाप के साथ स्थापित किया गया। सायं काल में रूप से एलएम उप्रेती,डीडी गुणवंत, बिशन दत्त उपाध्याय,लाल सिंह मेहरा, शेखरचंद्र मेहरा, भास्कर जोशी, हर्षित दनाई, हार्दिक पांडे, गिरीश चंद्र, मुकुल उप्रेती, हरीश मिश्रा, गगन आदि लोगथे।

# जेसीज की शिखा का मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना में चयन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जेसीज पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा शिखा को मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना 2024-25 में चयनित किया गया है। उन्हें



यह सम्मान जिला ऊधम सिंह नगर से मिला है। शिखा को इस योजना के तहत प्रति माह 2000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जेसीज विद्यालय की छात्रा शिखा हरियाणा में आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगी।यह उपलब्धि शिखा की कड़ी मेहनत और खेल में उत्कृष्टता का परिणाम है। विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर , निर्देशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा और शिक्षकों ने शिखा को बधाई देते हुए कहा, ष्हमें शिखा की सफलता पर गर्व है। यह स्कूल की खेल नीति और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल परिणाम है।हमें विश्वास है कि वह आगे भी अपनी प्रतिभा का जादू दिखाती रहेगी।

# डीएम ने की धान खरीद की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने धान खरीद की समीक्षा बैठक लेते हुए सभी उपजिलाधिकारियों, मंडी सचिवों व केन्द्र व्यवस्थापकों को सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि जो भी किसान केन्द्रों पर धान लेकर आये उन्हे किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि धान केन्द्र पर यदि कही कोई परेशानी आती है तो उच्च स्तर वार्ता कर समस्या का तत्काल समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों से धान खरीद की जानकारी ली। उप जिलाधिकारियों ने अवगत कराया कि अभी क्रय केन्द्रों पर धान कम आ रहा है। अभी किसी प्रकार की कोई परेशानी नही है। उप जिलाधिकारी किच्छा ने बताया कि गतवर्ष की



तुलना में इस वर्ष 08 अक्टूबर तक तीन गुना धान खरीद हुई है।अपर जिलाधिकारी/नोडल धान खरीद पंकज उपाध्याय ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा 8 अक्टूबर तक 333 कुन्तल व यूसीएफ द्वारा 1161 कुन्तल तथा कच्चा आढ़ती द्वारा 490 कुन्तल धान खरीद की है। बैठक में उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार, आरएम यूसीएफ त्रिलोचन पाठक, एसएमओ ओन नारायण मिश्रा, हेमन्त कुमार जोशी, तहसीलदार दिनेश कुटौला, सचिव मंडी विनोद पलड़िया, योगेश कुमार तिवारी, मोहन जोशी सहित सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल जुड़े थे।

# हरियाणा में जीत पर भाजपाईयों ने बांटी जलेबी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा दक्षिणी मंडल के कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर एकत्र होकर मिष्ठान वितरण किया आतिशबाजी की एवं एक दूसरे को जलेबी खिलाकर शुभकामनाएं दी।इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस ने पहलवानों को किसानों को और नौजवानों को बरगलाने का काम किया था वह उनके सफल नहीं हो पाया किसानों ने पहलवानों ने और युवाओं ने जिस प्रकार से भाजपा को समर्थन किया है नरेंद्र मोदी जी की नीतियों का समर्थन किया है इस देश को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने नरेंद्र मोदी को चुना है विकास शर्मा ने कहा कि जितनी भी देश विरोधी ताकते नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों को बचा नहीं पा रही है उन्हें रोकने का हर संभव



प्रयास कर रही है लेकिन देश की जनता हरियाणा की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ खड़ी है इसलिए लगातार भारतीय जनता पार्टी का परिवार आगे बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष धर्म सिंह कोहली ने की। इस दौरान नाथूलाल गुप्ता, विक्की बाल्मिकी, सुनील ठुकराल, देव मेनन ,संदीप बाजवा, शिवम जग्गा ,राजन राठौड़, ममता त्रिपाठी, शालिनी बोरा, हरजीत राठी, राकेश सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, विजय तोमर, संदीप वाल्मीकि, नरेंद्र चौहान, बिट्टू चौहान ,गजेंद्र प्रजापति, भीम सेन गुप्ता, दीनदयाल शर्मा, उमा जोशी, लालमन लालू, अनिल कोली, बीरू कोली ,गिरिश पाल राकेश दास आदि लोग मौजूद थे।

# केसरवानी युवा समिति के रमेश अध्यक्ष और सुमित महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केसरवानी युवा समिति की एक चुनावी बैठक आयोजित हुई। जिसमें नए अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। सबसे पहले निवर्तमान कोषाध्यक्ष ने पिछले 2 साल के खर्चे का ब्यौरा प्रस्तुत



किया। उसके बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर रमेश केसरवानी,महामंत्री पद पर सुमित केसरवानी तथा कोषाध्यक्ष पद पर सन्दीप केसरवानी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया। निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप केसरवानी व निवर्तमान महामंत्री ललित केसरवानी ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए अपना कार्यभार सौंपा। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने सबका अभिवादन करते हुए जल्द ही कार्यकारिणी विस्तार करने का आश्वासन दिया। बैठक में केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष भोलानाथ केसरवानी, महामंत्री गिरीश केसरवानी, सुरेश केसरवानी, सुमित केसरवानी, संतोष केसरवानी, सोनू केसरवानी, राजकुमार, उमेश केसरवानी, अमरनाथ केसरवानी, रामकुमार केसरवानी, मनोहर केसरवानी, देवेंद्र केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री राम की भक्ति से बन जाते हैं सब बिगड़े काम: शालू

गदरपुर। आवास विकास में चल रही श्री शिव पार्वती रामलीला में बुधवार की रात्रि मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची किन्नर समाज की शालू छाबड़ा को रामलीला कमेटी द्वारा मंच पर सम्मानित है वह हमारे लिए बहुत ही सुखद पल है। इस दौरान अनाज मंडी रामलीला से पहुंचे रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज का भी श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत युद्ध व तत्पश्चात प्रभु श्रीराम के हाथों बाली वध के बहुत ही सुंदर मंचन के साथ रामलीला का समापन हुआ। रामलीला के मंच पर अनेको कलाकारों द्वारा भी अपनी प्रतिभा से लोगो को अपनी तरफ आकर्षित चौधरी, मानसी शर्मा, महावीर दल के अध्यक्ष बंटी छाबड़ा, महामंत्री आकाश कोचर, किशन गुप्ता, सचिन गुप्ता, रिजवान अली, विप्लव कुमार, रिंकू शर्मा, नवीन खेड़ा, सागर गाबा, अंकित मदान,





किया गया। इस दौरान शालू छाबड़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम का नाम मात्र लेने से सभी बिगड़े काम बन जाते हैं और आज जिस तरह हमे श्री शिव पार्वती रामलीला के मंच पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ किया गया। वहीं गणेश वंदना के साथ श्री रामलीला का शुभारंभ हुआ। रामलीला के मंच पर प्रभु श्री राम और हनुमान का मिलन, उसके उपरांत श्री राम व सुग्रीव का मिलन, सुग्रीव और बाली के बीच किया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संत लाल हुड़िया, कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, विकास तनेजा, दीपक बेहड़, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोरा, कुलवीरी वंश गुम्बर, विपुल नारंग, अभिषेक कोचर, चिराग गुम्बर,वरुण कालरा,मुकेश पुनियानी, अनुपम इशपूजानी,तुषार कोचर, वंश शर्मा, संदीप मदान, चिराग गुम्बर, संगम कोचर आदि लोग उपस्थित रहे।

# लंका से श्री राम की शरण पहुंचे विभीषण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री रामलीला मैदान में चल रही दिन की लीला में व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने बिभिषण शरणागति, सेतु बंध श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग स्थापना तथा अंगद रावण संवाद की लीला का मंचन रामायण की सुंदर चौपाई गा कर करवाया। व्यास जी रावण द्वारा विभीषण के तिरस्कार और अपमान का वर्णन करते हुए कहते हैं कि रावण जबहिं बिभीषन त्यागा। भयउ बिभव बिनु तबहिं अभागा अर्थात रावण ने जिस क्षण विभीषण को त्यागा, उसी क्षण वह अभागा वैभव से हीन हो गया। विभीषण जी हर्षित होकर मन में अनेकों मनोरथ करते हुए श्री रघुनाथजी के पास चल देते हैं। श्री रामलीला मैदान में सुंदर सेतु बंध की झांकी का निर्माण अमित जोशी, सुशील, रोहित, महेश राजा, नीरज



अतिथियों का स्वागत किया। रामलीला में सुंदर फोटोग्राफी शेखर गर्ग द्वारा की गई।लीला में अतिथि राजेंद्र सिंह बिष्ट प्रदेश महामंत्री भाजपा, पंकज उपाध्याय एडीएम रुद्रपुर, दीपक अग्रवाल, कन्नू परगाई, हितेंद्र उप्रेती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरमवाल, विजय अग्रवाल,रोहित अग्रवाल

तथा नब्बू भाई द्वारा कराया गया। रात्रि लीला में सीता हरण, शबरी मिलन तथा श्री राम सुग्रीव मित्रता का मंचन कराया गया। संचालन समिति सदस्य तनुज गुप्ता ने बताया कि दशहरे वाले दिन सुंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। समिति के सदस्यों में गोपाल पाल, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, प्रदीप जनौटी, मनोज गुप्ता, बसंत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल ने , राम बाबू जायसवाल रहे।श्री राम लीला मंचन में आज राधा कृष्ण सोसाइटी अध्यक्ष राधा,बीपीएल सेवा संस्था अध्यक्ष पार्वती किरौला, कसौधन समाज अध्यक्ष अन्नपूर्णा गुप्ता ने सेवा दी।

# आयकर आयुक्त से मिले व्यापारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारी ने प्रधान आयकर आयुक्त नरेन्द्र सिंह जंगपांगी से औपचारिक मुलाकात कर व्यापारियों की आयकर संबंधित जानकारी प्राप्त की। शिष्टमंडल



में प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, संगठन मंत्री मदन फर्त्याल, जिला अध्यक्ष नैनीताल विपिन गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष प्रदीप सभरवाल आदि थे। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि आयकर आयुक्त श्री जंगपांगी व्यापारियों की हर समस्याष्ट को बखूबी समझते हैं और वे हल्द्वानी में पहले भी कार्यरत् रहे हैं। उनके साथ व्यापार मंडल ने अन्य सामाजिक दायित्वों के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जाहिर की है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जब से ऑनलाइन टैक्सेशन की व्यवस्था लागू हुई है तब से कई छोटी समस्याओं का निदान स्वत:हो गया है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## थोक और खुदरा महंगाई दर

भारतीय रिजर्व बैंक ने फिर अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव करने से परहेज किया है। दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा गया है। फिलहाल वह साढ़े छह फीसद है। यह फैसला महंगाई पर काबू पाने के मकसद से किया गया है। रिजर्व बैंक ने अगले दो वित्त वर्षों में महंगाई के चार फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। नई मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की पहले की अनुमानित दर को कम किया गया है। स्वाभाविक ही रिजर्व बैंक के कदम अभी ठिठके हुए हैं।रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर करने में कामयाबी मिल जाती है, तो विकास दर दहाई के आंकड़े को छू सकती है। हालांकि दुनिया में जिस तरह के हालात हैं और बहुत सारे देश मंदी की मार झेल रहे हैं, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था ने अपने को संभाल रखा है। यहां मंदी के झटके उस तरह नहीं लगे, जैसे कई विकसित कहे जाने वाले देशों में भी देखने को मिले। इस वक्त भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह का परिवर्तन कर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। यह ठीक है कि रेपो दर में कोई बदलाव न होने से कर्ज लेकर घर, वाहन आदि खरीदने वालों पर किस्त चुकाने का बोझ नहीं बढ़ेगा। मगर हकीकत यह है कि फिलहाल रेपो दर अपने उच्च स्तर पर है। रेपो वह दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। इस तरह बुजुर्गों आदि को अपने बचत खाते की जमा राशि पर कुछ अधिक ब्याज मिल रहा है। मगर जिन लोगों ने कर्ज लिया हुआ है, उन पर पहले की तुलना में किस्तें बढ़ा कर चुकानी पड़ रही हैं। करीब दो वर्ष पहले जब खुदरा महंगाई बढ़ कर सात फीसद के आसपास पहुंच गई थी, तब रिजर्व बैंक ने रेपो दरें बढ़ानी शुरू की थी। थोड़े-थोड़े समय बाद छह बार रेपो दर में बढ़ोतरी की गई और वह ढाई फीसद तक बढ़ गई। इससे आंकड़ों में महंगाई पर अंकुश तो लगता दिखा, पर लोगों पर किस्तों का बोझ भी बढ़ गया। लंबे समय से अपेक्षा की जा रही है कि रिजर्व बैंक रेपो दर में कुछ कटौती करेगा, ताकि व्यवसायियों और नौकरी-पेशा लोगों को मकान, दुकान, वाहन आदि के कर्ज का बोझ कुछ कम हो। मगर रिजर्व बैंक फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। जहां तक महंगाई पर काबू पाने का सवाल है, आंकड़ों में जरूर इसे कुछ काबू में दिखाया जाता है, मगर धरातल पर यह लगातार आम आदमी की जेब पर बोझ डाल रही है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। अनाज, दालों, दूध-घी, खाद्य तेलों, फल-सब्जियों की कीमतें उन दिनों में भी घटती नजर नहीं आतीं, जब बाजार में उनकी आवक तेज होती है। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। इन दिनों बाजार में रौनक रहती है, कारोबारियों को कमाई की उम्मीद होती है, मगर महंगाई की मार का असर उस पर दिखता है। फिर, थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के बीच कोई तार्किक अंतर नजर नहीं आता। ऐसे में केवल रेपो दर को यथावत बनाए रख कर रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने की अपनी कोशिशों में कितना कामयाब होगा, दावा नहीं किया जा सकता।

# प्रतिष्ठित व्यवसायी लखपत राय सिडाना का निधन

## नेत्र दान कर अमर हो गए लखपत राय सिडाना, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के जाने-माने व्यवसायी लखपत राय सिडाना का 88 वर्ष की उम्र में



आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम राजनीतिक, सामाजिक संगठनों तथा व्यापारियों ने उनके निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। स्वर्गीय लखपत राय सिडाना अपने नेत्रों का दान भी अपनी इच्छा से कर गए थे।उनके देहांत के तुरंत बाद ही परिजनों ने सी आर मित्तल आई रिट्रैबल सेंटर हॉस्पिटल रुद्रपुर को सूचना दी जिस पर रुद्रपुर से आंखों की चिकित्सा दल द्वारा उनकी आंखों को सुरक्षित रख लिया तथा जरूरतमंद को प्रत्यारोपित किया जाएगा। लखपत राय सिडाना का रुद्रपुर रोड पर सरिया सीमेंट का प्रतिष्ठान है। वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे तथा उनकी नगर में अलग पहचान थी। उनके तीसरे पुत्र अशोक सिडाना पूर्व सभासद रह चुके हैं। गत दिवस सांय के समय उनके निधन की सूचना जैसे ही नगर में फैली नगर के तमाम राजनीतिक सामाजिक संगठनों सहित व्यापारियों का उनके निवास पर जमावड़ा लग गया ।सभी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। आज प्रातः उनकी अंतिम यात्रा सत्य पथ धाम के लिए निकली। उनका अंतिम संस्कार में जेष्ठ पुत्र विनोद कुमार सिडाना, विजय सिडाना, अशोक सिडाना,विरेंद्र सिडाना के अलावा परपोत्र ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भी श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने कहा कि स्वर्गीय सिलना नगर के प्रमुख व्यवसाय मिलनसार मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका हमारे बीच से चले आना समाज को एक अपूर्णीय क्षति है। इस अवसर पर संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व पालिका अध्यक्ष हरिश्चंद्र पंत ,राजेश प्रताप सिंह, रवि नागपाल, महेंद्र पाल, पवन सहगल, कुलदीप सिंह लकी, दिनेश भाटिया, विजय अरोड़ा, प्रमोद ठुकराल, प्रदीप पुजारा, राजा सुखीजा, सुनील ठाकुर, म सतीश अरोड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह ,कमलजीत बाठला प्रिंस सीडाना, राजकुमार तनेजा, सुमित तनेजा ,बॉबी मल्होत्रा ,राजेश अरोड़ा, पंडित अनिल शर्मा ,ओम तनेजा, सुरेश पपनेजा , कुंदन लाल खुराना, विनोद फुटेला ,हरीश मदन पुष्कर रौतेला राकेश प्रापर्टी डीलर, अरूण तनेजा,सुमित तनेजा ,ओम तनेजा, राजकुमार तनेजा, सुभाष बेहड़, सोनू सभासद, पत्रकार सुनील गुप्ता, शिवम शर्मा, वेद प्रकाश, सुरेन्द्र खुराना, कैलाश पंडित विशाल शर्मा, सन्नी अग्रवाल, गगन पंत, विजय पपनेजा, राजकुमार चिलाना, मदन मदान सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# परोपकारी जीवन जीने वाले ही प्रभु कृपा के पात्र : हरि चैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)।श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर संत श्री श्री 1008 श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरिकृपा आश्रम में विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग पाकर अपने जीवन में वांछित सुधार भी अवश्य करें। अन्यथा विशेष लाभ से वंचित रह जाएंगे,संत गुरु व परमात्मा का कृपापात्र वही बन सकता है जो चरित्रवान, मर्यादित, कर्तव्यपरायण, सेवा, व परोपकार परिपूर्ण जीवन व्यतीत करता है। महाराज श्री ने कहा आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मा व परमात्मा एक



ही है मगर फिर भी अलग हैं।परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का। उसके यहाँ ऊँच-नीच, जाति पाति आदि का कोई भेद नहीं है। परमात्मा के लिए तो एक मात्र प्रेमपूर्ण भक्ति ही सर्वस्व है। उन्होंने कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है जितना हमने इसे समझा है यह सबसे कठिन है।परंतु असंभव नहीं है। यदि हम प्रभु स्मरण करते हुए प्रयास करें तो इस असंभव को भी संभव किया जा सकता है।महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों को सुनकर सभी मन्त्र मुग्ध व भावविभोर हो गये।नवरात्रि महोत्सव एंव विराट धर्म सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले हजारों भक्तों के साथ साथ मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री व नैनीताल सांसद अजय भट्ट, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व मंत्री पुष्कर सिंह दुर्गापाल, राकेश नैनवाल, भागीरथ चौधरी, हेम भट्ट, अनेक मंत्री, पूर्व मंत्री, अनेक विधायक व पूर्व विधायक, भाजपा व कांग्रेस के अनेक राजनेता, अनेक अधिकारी व क्षेत्र गणमान्य लोग भी श्री महाराज जी का आशीर्वाद लेने पहुँचे।

# पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

खटीमा (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग खटीमा जनपद उधम सिंह नगर के अतिथि गृह में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की





मजबूती एवं पत्रकारों के हितों को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में पत्रकारों ने पत्रकारों के साथ उत्पीड़न की घटना पर एकजुट होकर विरोध करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सभी उपस्थित पत्रकारों ने प्रेस परिषद के सलाहकार एडवोकेट संदीप भटनागर को सम्मानित किया। इस अवसर पर कुमाऊं मंडल महामंत्री भरत सिंह चुफाल ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद के खटीमा इकाई को लगभग ढाई वर्ष हो चुके हैं जिसके लिए पत्रकार प्रेस परिषद के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं । कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में पत्रकार प्रेस परिषद का लगातार विस्तार हो रहा है । कुछ महीनो से पत्रकारों पर हो रहे पुलिस प्रशासन के द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर उन्होंने चिंता व्यक्त की और कहा कि इसका हम संगठित होकर पुरजोर विरोध करेंगे और पत्रकारों के हित में जो उचित होगा उसको सुनिश्चित करने के लिए सभी पत्रकार साथी एकजुट होकर प्रयास करेंगे। बैठक में पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के संदर्भ में व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में अंत में पत्रकार प्रेस परिषद की तरफ से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया और पत्रकार एकता की मजबूती के लिए एकजुट रहकर पत्रकारों के हितों की लड़ाई में सभी पत्रकारों से बढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया।बैठक का संचालन पत्रकार गणेश पुजारा ने किया। बैठक में कुमायूं मंडल महामंत्री पत्रकार भरत सिंह चुफाल, अजय गुप्ता, प्रेस क्लब खटीमा के अध्यक्ष हरि नारायण अग्रवाल, पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई के सलाहकार एडवोकेट संदीप भटनागर, पत्रकार प्रेस परिषद खटीमा इकाई के अध्यक्ष अशोक सरकार, पत्रकार टोनी वर्मा, गुड्डू खान, आमिर अंसारी,मुस्तकीम अंसारी, वेद प्रकाश, हेमंत कुमार, अनुज शर्मा, सलीम, दीपक यादव,सुंदर बहादुर, अमीर रजा, ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुंडेश्वरी में मत्स्य विभाग की टीम ने तालाब को किया सीज

काशीपुर(उद संवाददाता)। राज्य मत्स्य सहकारी संघ के अध्यक्ष तथा मत्स्य विभाग की टीम ने कुंडेश्वरी में एक इंटर कॉलेज के पास तालाब पर छापेमारी की। इस दौरान तालाब में प्रतिबंधित मछलियां मिलने पर मत्स्य विभाग की टीम ने तालाब सीज कर दिया है। बता दें कि राज्य मत्स्य सहकारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अम्बीक चौधरी ने मत्स्य विभाग की टीम सहित कुंडेश्वरी किसान इंटर कॉलेज के तालाब पर छापा मार कर कार्यवाही करते हुए मत्स्य विभाग की टीम ने की। जाँच में पाया गया कि स्कूल मैनेजमेंट ने अख्तर अली को तालाब ठेके पर दिया था



और तालाब में प्रदेश में प्रतिबंधित प्रजाति मंगूरा मछली की पैदावार कर उसका अवैध व्यापार किया जा रहा था मत्स्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए सर्वप्रथम तालाब को सील करने की कार्यवाही करते हुए किसान इंटर कॉलेज का ठेका निरस्त करने को निर्देशित किया व अग्रिम कार्यवाही के लिए पुलिस चौकी कुंडेश्वरी को अवगत कराया।

# नगर पंचायत में नये ईओ ने संभाला कार्यभार

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत गूलरभोज में अधिशासी अधिकारी राजकुमार भारती ने अपना पद ग्रहण किया। सभी ने उनको बुके और माला डालकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, भाजपा मंडल महामंत्री सतीश चुघ, भूपेंद्र आर्य, पूनम दुमका, सुनील शर्मा, अमित कुमार गुप्ता, गोविंद राजभर, रामाधार भारद्वाज, निर्मल मंडल, जगदीश सिंह, इंदर सिंह आदि उपस्थित थे।



# गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व पर जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री अमृतसर नगर के संस्थापक गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व पर ग्राम श्याम नगर 7 नंबर के गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाई देशराज सिंह द्वारा अरदास के उपरांत समाजसेवी वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में पहुंचे सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरुपर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि चूना मंडी लाहौर में गुरु रामदास जी का जन्म हुआ बचपन में ही माता-पिता के गुजर जाने के उपरांत बुजुर्ग नानी द्वारा उनका पालन पोषण करते हुए अपने एवं परिवार के गुजर बसर के लिए चने उबालकर 5 वर्ष की उम्र के गुरु रामदास जी को बेचने के लिए दिए। वर्षों तक चने बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ गोइंदवाल साहिब नगर में सेवा कार्य हेतु पहुंचे जहां तीसरे गुरु गुरु अमर दास जी पानी क्षेत्र में पानी की कमी को दूर करने हेतु बावली साहिब



का निर्माण करवा रहे थे उनकी सेवा भावना एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए गुरु अमर दास जी ने अपनी सुपुत्री बीबी भानी जी का विवाह उनसे कर दिया एवं कुछ समय पश्चात उन्हें गुरु गद्दी सौंप कर चौथे गुरु के रूप में गुरु गद्दी पर शोभाएमान किया । इस दौरान संगत को प्रसाद वितरण तथा गरीब मजदूर परिवारों को वस्त्र वितरण तथा स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटी गई । इस मौके पर वीरेंद्र सिंह,ज्वाला सिंह,राजकिशन गुरप्रीत सिंह, गुणवंत कुमार, सिमरन कौर,सुनीता रानी,नानकी देवी,चरणजीत कौर,कांता रानी, गुरमीत कौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# रतन टाटा का जीवन औद्योगिक प्रगति में रहा समर्पित: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की औद्योगिक प्रगति और सामाजिक विकास के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका दृष्टिकोण, समर्पण और व्यावसायिक कुशलता न केवल टाटा समूह को नई ऊँचाइयों तक ले गई, बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतन टाटा जी ने रोजगार सृजन, समाज के सशक्तिकरण और नवाचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में खटीमा चैंपियन

गदरपुर( उद संवाददाता)।शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता मौर्य अकैडमी गदरपुर के खेल मैदान में संपन्न हुई। जिसमें जिले से सभी ब्लॉकों से लगभग 1600 खिलाड़ियों ने प्रातिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के प्राथमिक स्कूल एवं जूनियर स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया ।प्रतियोगिता में एथलेटिक्स ,कबड्डी ,खो-खो वॉलीबॉल, फुटबॉल ,क्रिकेट, ताइक्वांडो ,बॉक्सिंग बैडमिंटन योगा आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किया गया ।जिसमें सुलेख, अंताक्षरी, समूहगान, लोकनृत्य एकांकी की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में खटीमा ब्लॉक का दबदबा रहा। सभी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर कुल 282 अंकों के साथ खटीमा प्रथम रही और जिले की चौंपियनशिप का खिताब जीता। 260 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर सितारगंज ब्लाक तथा तृतीय स्थान पर रुद्रपुर ब्लॉक रही। इस दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं के अंतिम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में मौर्य अकादमी के एमडी आनंद कुमार द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। खटीमा ब्लॉक को चौंपियनशिप की ट्रॉफी मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी गदरपुर सावेद आलम ने बताया है कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे जो नैनीताल जिले में 15 अक्टूबर से आरंभ होगी। ब्लॉक खेल समन्वयक गदरपुर नूर आलम में सभी का सहयोग देने पर धन्यवाद किया । बालक वर्ग-50 मीटर दौड़ अक्षय यादव, 100 मीटर दौड़- गोविंद कुमार, 200 मीटर दौड़- निशान, 400 मीटर दौड़- मो०शहजाद, लंबी कूद -प्रांजल कुमार,कबड्डी व खो खो में खटीमा विजेता रही। प्राथमिक स्तर (बालिका वर्ग)- 50 मीटर दौड़ में जानवी राना, 100 मीटर दौड़ में जानवी राना ,200 मीटर दौड़ में अदिति सिंह, 400 मीटर दौड़ में बबीता खोलिया, लंबी कूद में अंशिका यादव ,कबड्डी में खटीमा, खो- खो प्रतियोगिता में काशीपुर विजय रहा। सब जूनियर वर्ग (बालक)- 4' 100 मीटर रिले दौड़ में सितारगंज प्रथम, 100 मीटर दौड़ पवन जोशी सितारगंज, 200 मी दौड़ सागर कुमार खटीमा, 400 मीटर दौड़ मिराज रुद्रपुर, 600 मीटर दौड़ मिराज रुद्रपुर, लंबी कूद धर्मेंद्र रुद्रपुर, गोला फेक शौर्य बिष्ट सितारगंज, ऊंची कूद धर्मेंद्र रुद्रपुर, चक्का फेंक में अर्शलान खटीमा प्रथम रहे, क्रिकेट प्रतियोगिता मे काशीपुर विजेता, वॉलीबॉल में सितारगंज , फुटबॉल प्रतियोगिता में सितारगंज प्रथम, खो-खो प्रतियोगिता में सितारगंज प्रथम , योगा प्रतियोगिता में काशीपुर प्रथम ,बैडमिंटन में सितारगंज प्रथम ,ताइक्वांडो में रुद्रपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सब जूनियर (बालिका वर्ग100 मीटर दौड़ में जानकी कठायत प्रथम, 200 मीटर दौड़ में कृष्ण हालदार सितारगंज प्रथम, 400 मीटर दौड़ में अंजलि सितारगंज प्रथम, 600 मीटर दौड़ में अंजलि सितारगंज प्रथम, गोला फेक में हरनूर कौर प्रथम, लंबी कूद में आराधना खटीमा प्रथम, ऊंची कूद में रानी राणा प्रथम, चक्का फेक में शादमानी खान काशीपुर प्रथम,4'100 रिले दौड़ में सितारगंज प्रथम, खो खो प्रतियोगिता में सितारगंज विजेता रुद्रपुर उपविजेता, योगा प्रतियोगिता में खटीमा प्रथम, ताइक्वांडो में भारती प्रथम, कबड्डी प्रतियोगिता में सितारगंज विजेता खटीमा उपविजेता, टीटी प्रतियोगिता में सितारगंज प्रथम, बास्केटबॉल में सितारगंज प्रथम, वॉलीबॉल में सितारगंज प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इस अवसर पर जिला प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही, जिला खेल समन्वयक (माशि) लक्ष्मण सिंह टाकुली, जिला खेल समन्वयक (प्राशि) राजेंद्र सिंह भाकुनी ,दिनेश कुमार ,गोविंद कुमार शर्मा , बीआरसी समन्वयक मोहनलाल, अमरजीत बजाज, विनोद पवार, संदीप कौर ,रीता कोहली ,कविता वर्मा ,कुनैन जहां, आशा पांडे, ब्लॉक खेल समन्वयक खटीमा नीरज सक्सेना,ब्लॉक खेल समन्वयक बाजपुर डोरी लाल ,ब्लॉक खेल समन्वयक रुद्रपुर कैलाश वर्मा, ब्लॉक खेल समन्वयक सितारगंज निर्मल सरकार ,विनोद पवार, चंद्रिका प्रसाद ,दिनेश उप्रेती ,सुनील कुमार ,चितांबर जोशी व कई शिक्षक और शिक्षिकाये उपस्थिति रही । उद्घोषक की भूमिका संजीव बुधौरी,धीरज पांडे और हरीश दवाई द्वारा निभाई गई।





# मुलायम सिंह यादव को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।देश के पूर्व रक्षा मन्त्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मन्त्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उत्तराखण्ड सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय पर भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। सर्वप्रथम सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने अपने तमाम सपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की। तदुपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।सभा को संबोधित करते हुए अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि माननीय मुलायम सिंह यादव जैसा नेता सदियों में एक-आद ही पैदा होता है।उन्होंने कहा मुलायम सिंह यादव के जीवन में जितनी उपाधि मिली है।आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि को नहीं मिली है। मुख्य उपाधि नेता जी ही थी।सुभाष चन्द्र बोस के बाद नेता जी की उपाधि सिर्फ मुलायम सिंह यादव को ही मिली है।सिददीकी ने कहा नेता जी उत्तराखण्ड के बड़े हितेषी थे। वह अपने मुख्यमंत्री काल में पर्वतीय क्षेत्र को उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का दो प्रतिशत आरक्षण देना चाहते थे।जबकि पर्वतीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की 4 प्रतिशत आबादी थी। जिसमें उत्तराखण्ड के 50 प्रतिशत लोगों को आरक्षण का लाभ मिलता।मुलायम सिंह किसानों, व्यापारियों ,छात्रों, कर्मचारियों, दलितों , पिछड़ों,व अल्पसंख्यकों के सबसे बड़े हितेषी थे।हर वर्ग उनके निर्णयो से प्रसन्न रहता था। सभा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सोमपाल मोरया,जावेद मिकरानी,अलीम अंसारी, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी, रेहान मलिक,संजय गुप्ता, आसिम सिद्दीकघी, अनवर हुसैन, जाहिद खघन,विक्की खघन,दीपक अग्रवाल, सरताज अंसारी,एडवोकेट जावेद अहमद, नाजिम सलमानी, अथर खघन, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद्, अजहर मलिक,शाहिद खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# हनुमान जी ने उजाड़ी अशोक वाटिका

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी में चल रही श्री राम जी की लीला में कल रात्रि बहुत ही सुन्दर दृश्यों का मंचन किया गया जिसमें रावण सीता संवाद, हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना, अक्षय कुमार वध, रावण हनुमान संवाद, लंका दहन जैसे दृश्यों की लीला का मंचन किया गया जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी। हनुमान जी की सुंदर भूमिका में साहिल सुधा ने अशोक वाटिका को उजाड़कर श्रद्धालुओं में फल वितरण किया एवं लंका दहन दृश्य में चार चांद लगाए, रावण की भूमिका में उपनिर्देशक सिद्धार्थ भुसरी ने बहुत ही सुंदर प्रदर्शन कर दर्शकों को मन्त्रमुग्ध किया , मेघनाथ की भूमिका में अमन गाबा, विभीषण की भूमिका में दीपक छाबड़ा, मंत्री अविष अरोड़ा, कपिल कमरा, अभिषेक सक्सेना, युवराज कुमार, और अन्य कलाकारों ने मिलकर श्री राम जी की लीला का मंचन किया। डॉयरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना द्वारा कलाकारों की निर्देश दिए गए। श्री रामलीला अध्यक्ष रवींद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा एवं श्री रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी एवम सदस्यों ने तालियां के साथ कलाकारों को सराहा एवम उनकी मेहनत और लगन की भी तारीफ की। श्री रामलीला देखने पधारे सभी श्रद्धालुओं का अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने आभार प्रकट किया।



# वाल्मीकि समाज ने किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने रूद्रपुर में सिटी क्लब की तर्ज पर महर्षि वाल्मीकि बेंकट हॉल बनाये जाने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत बाल्मीकि समाज लम्बे समय से निरंतर उपेक्षा का शिकार होता आ रहा है जबकि रूद्रपुर शहर की लगभग 80 प्रतिशत आबादी जो कि सरकारी नजूल भूमि पर काबिज है, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर



बाल्मीकि समाज को छोड़कर हर संपन्न वर्ग के समाज ने अपने-अपने महापुरुषों के नाम पर सरकारी जमीनों पर धार्मिक स्थल एवं धर्मशालाएं, वेंकट हॉल, बारात घर एवं पार्क आदि स्थापित कर रखे हैं। ज्ञापन में मांग की गयी है कि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बाल्मीकि समाज की जन भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए किच्छा मार्ग रूद्रपुर स्थित कुष्ठ आश्रम के पूर्वी तरफ रिक्त पड़ी लगभग 1.5 एकड़ सरकारी नजूल भूमि पर जनहित में सिटी क्लब की तर्ज पर महर्षि बाल्मीकि वेंकट हॉल स्थापित किया जाये तथा ट्रेंचिग ग्राउण्ड वाले स्थल पर महर्षि बाल्मीकि पार्क बनाया जाये। ताकि रम्पुरा, भूतबंगला, खेड़ा, पहाड़गंज एवं रेशम बाड़ी आदि आवासीय कालोनियों को इसका लाभ मिले। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सुरेश राजौरिया, महामंत्री सुरेश कुमार मुल्तानी, राजू खैरालिया, संदीप आजाद, सूरज आजाद, सुशील कुमार, राजपाल, सुनील, अजय, विक्की, अनिल, रंजीत आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**रतन टाटा के अंतिम..**ढांचे, चौरिटी संस्थानों में उनके अनुभव को देख सकते हैं। आज भारत ने एक रत्न खो दिया है। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को याद किया। उन्होंने कहा, रतन टाटा का कल स्वर्गवास हो गया। मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह न केवल भारत में बल्कि दुनिया में एक सम्मानित उद्योगपति थे। उन्होंने ऐसे समय में टाटा समूह का नेतृत्व संभाला जब टाटा समूह के लिए बदलाव करना महत्वपूर्ण था। वह एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। अमित शाह ने आगे कहा, उन्होंने टाटा समूह के काम करने के तरीके और कई व्यवसायों को बदल दिया। रतन टाटा जी के नेतृत्व में व्यापार समूह ने शिक्षा और कैंसर उपचार सहित कई अन्य क्षेत्रों में बहुत काम किया। रतन टाटा की विरासत उद्योग में लोगों का मार्गदर्शन करेगी। रतन टाटा के स्वर्गवास पर शोक संदेश में भारत रत्न और वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा रतन टाटा जी से मेरी आखिरी बातचीत इस साल फरवरी में हुई थी, जब मुझे उनका एक गर्मजोशी भरा पत्र मिला था, जिसमें उन्होंने मुझे भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी थी। उनकी गर्मजोशी, उदारता और दयालुता हमेशा से बहुत प्यारी रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मैं यहां उन्हें श्रद्धांजलि देने आया था। रतन टाटा दूरदर्शी थे और कॉरपोरेट गवर्नेंस के एथिक्स में विश्वास करते थे। वह देश के बेटे थे। उनका निधन देश के लिए बड़ा नुकसान है। जब भी आधुनिक भारत का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा तो उनकी उपलब्धियों का जिक्र जरूर होगा। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, यह देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। न केवल कॉर्पोरेट इंडिया के लिए बल्कि पूरे देश के लिए। उनके काम का प्रभाव अद्वितीय है। हमें उन्हें उनके काम की समृद्धि के माध्यम से याद रखना चाहिए। हम कई बार मिले थे, सालों पहले - वह शांत, मितव्ययी थे और हमेशा देश के हित में सोचते थे। रतन टाटा को याद करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भावुक हो गए। उन्होंने रतन टाटा से जुड़ा एक वाकया याद करते हुए कहा कि एक बार वह मुंबई में ब्रेकफास्ट के लिए हमारे घर आए थे। हमने उन्हें ब्रेकफास्ट में इडली, सांभर और डोसा परोसा। उन्होंने खुशी-खुशी उसे खाया। इस बेहद सादे ब्रेकफास्ट की उन्होंने दिल खोलकर तारीफ की थी। जिसने खाना परोसा था, उन्होंने दिल खोलकर उसकी तारीफ की। जब वह ब्रेकफास्ट के बाद जाने लगे तो उन्होंने बड़े प्यार से मेरी पत्नी से पूछा क्या आप मेरे साथ तस्वीर लेना चाहोगी? दरअसल हम उनके साथ तस्वीर लेना चाहते थे लेकिन हम हिचक रहे थे। लेकिन उन्होंने खुद ही इसकी पहल कर दी। इस तरह ये छोटी-छोटी चीजों ने उन्हें रतन टाटा बनाया।

**मजदूर किसान महापंचायत...**मालिक ने परमानेंट मजदूर महिलाओं और विकलांग मजदूरों सहित करीब 4000 मजदूरों को ठेके की नौकरी में धकेलकर उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। वक्ताओं ने कहा कि श्रम भवन रुद्रपुर में चल रहे भ्रष्टाचार की पोल पट्टी वहीं के कर्मचारियों ने वीडियो को वायरल करके खोलकर रख दी है । उन्होंने सभी कम्पनियों के पीड़ित मजदूरों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने की मांग की।पंचायत को डॉल्फिन मजदूर संगठन के अध्यक्ष ललित कुमार, उपाध्यक्ष सुनीता, सहित खीमानन्द जोशी, सौरभ कुमार, रजनी जोशी, रविन्दर कौर, बसंत गोस्वामी, संजय प्रकाश, अभिलाख सिंह, चंदन,अमर सिंह सैनी ,हरीश मौर्य आदि साथियों ने सम्बोधित किया। पंचायत में वीरू सिंह, पिंकी गंगवार, सुनीता, पिंकी, रचना, कमलेश देवी, कृष्णा देवी, नन्ही देवी, प्रभा रानी, बिमला, बिमला देवी, लक्ष्मी, राजकुमारी, ममता, सिमरन कौर सहित सैकड़ों मजदूरों ने भागीदारी की।

**डीएम ने किया...**समस्त अधिकारियों को महत्पूर्ण जिम्मेदारिया दी गयी है। जिम्मेदारियों के निर्वहन एवं सफल संचालन हेतु जिला आपदा प्रबंधन परिचान केन्द्र का सुदृढ व आधुनिक होना अति आवश्यक है। आपदा से पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पूर्वाभ्यास कराये जाने व महत्वपूर्ण बैठकों हेतु आपातकालीन परिचान केन्द्र में सभागार अति आवश्यक था इस लिए सभागार का निर्माण कराया गया। जिसमे 80-100 अधिकारी/कर्मचारी बैठ सकते है। उन्होने कहा कि आपदा प्रबंधन कार्यालय के सुदृढीकरण, आधुनिकरण एवं सभागार के निर्माण से निश्चित ही कर्मचारी, अधिकारियों को सुविधा मिलेगी व उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। उन्होने सभी को बधाई दी। इस अवसर पर वीसी प्राधिकरण जय किशन, निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डेय, डॉ0 अमृता शर्मा, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, अधिशासी अभियंता आरडब्लूडी अमित भारती आदि मौजूद थे।


**कैबिनेट मंत्री ...**सुरक्षित भी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धर्मेंद्र चौबे ने किया। इस मौके पर हज कमेटी के चौयरमैन खतीब अहमद, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, राकेश त्यागी, आदेश ठाकुर, सुखदेव सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य रावेद्र पाठक, सचिन गंगवार, सरफराज अंसारी, दयानंद तिवारी, परवेज पटौदी, अमित रस्तोगी, मोहित बिष्ट, अमित सलूजा, नरेश ठाकुर, ललित सक्सेना, जसपाल कोहली, सतीश उपाध्याय आदि मौजूद थे

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गदरपुर में अभिषेक वर्मा पर दांव खेल सकती है भाजपा

## अभिषेक वर्मा को मिल सकता है साफ सुथरी छवि और जनता के बीच अच्छी पकड़ का लाभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकाय चुनाव नजदीक हैं तथा संभवत: आगामी दिसंबर माह में निकाय चुनाव संपन्न हो सकते हैं चुनाव में राजनीतिक बिसात बिछने लगी है तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से प्रत्याशियों के नाम व निर्दलीय किस्मत आजमाने वाले संभावित प्रत्याशियों के नाम धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं। अध्यक्ष,सभासद पद के संभावित उम्मीदवार चुनाव के इंतजार में लंबे समय से जनता के बीच जमकर पसीना बहा रहे हैं और समीकरण अपने पक्ष में करने के लिए प्रयासरत हैं। गदरपुर में इस बार पालिका अध्यक्ष पद के लिए इस बार अभिषेक वर्मा भी ताल ठोकने की तैयारी कर रहे हैं। अभिषेक वर्मा सभी धर्म व वर्गों के वोटरों में पहचान रखते हैं । वैसे तो अभिषेक वर्मा भाजपा में मंडल महामंत्री के पद पर हैं साथ ही वह समाज सेवा में भी अग्रणी रहते हैं। गदरपुर नगर पालिका अध्यक्ष पद की सीट ओबीसी या सामान्य आती है और



भाजपा हाई कमान उन्हें टिकट देती है तो अभिषेक वर्मा दमदार प्रत्याशी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि ओबीसी महिला या सामान्य महिला आने पर उनकी पत्नी अनन्या वर्मा मैदान में होंगी। अभिषेक वर्मा हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी के लिए एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे है जिसे देखते हुए पार्टी हाईकमान ने भी उन्हें पहले भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष और अब वर्तमान में मंडल महामंत्री भाजपा बना रखा है।साथ ही क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के विधानसभा चुनाव में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाते हुए भाजपा प्रत्याशी पांडेय को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अभिषेक वर्मा बचपन से ही संघ के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में भी बैडमिंटन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर और खेल चुके है।उनकी कार्यशैली ओर जनता से उनका व्यवहार उनकी अलग पहचान का कारण है।युवाओं में अभिषेक का नाम बड़े गर्व से लिया जाता है। नगर व क्षेत्र में होने वाले किसी भी धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी की पंक्ति में उनकी उपस्थिति रहती है। जिस कारण उन्हें हर वर्ग से पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद है। जहां एक और हिंदुओं का पूरा समर्थन अभिषेक के साथ है तो वही उनके मधुर व्यवहार के कारण उनके व्यापार से जुड़े मुस्लिम समाज में भी उनके नाम की चर्चा जोरों पर है। अभिषेक सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष भी है और पूर्व में युवा व्यापार मंडल के महामंत्री भी रह चुके है छोटी उम्र में बड़ा नाम कमाया है।

### अनन्या वर्मा ने भी बढ़ाई सक्रियता



गदरपुर। अभिषेक वर्मा की पत्नी अनन्या वर्मा भी सामाजिक रूप से समाज मे तीव्रता के साथ अपनी पहचान बना रही है परिवार का साथ और वर्षो से कमाए पारिवारिक सम्मान के चलते अनन्या वर्मा को अपनी पहचान बनाने में कोई खास मेहनत नही करनी पड़ रही। अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के कारण उन्हें समाज के लोगो ओर आम जनमानस के साथ तालमेल बनाने में किसी कठिनाई का सामना भी नही करना पड़ रहा है, अनन्या पिछले काफी समय से नगर की महिलाओं के साथ मिलकर उनके हाल-चाल जान रही हैं और बुजुर्गों का आशीर्वाद ले रही हैं।

वैसे तो बहुत से दावेदार गदरपुर नगर पालिका चुनाव में बरसाती मेढक की तरह आएंगे लेकिन अभिषेक वर्मा की बढ़ती लोकप्रियता और समाजसेवा और युवा चेहरे के चलते हम निकाय चुनाव में अभिषेक वर्मा को ही पसंद करेंगे ताकि आने वाले समय में गदरपुर का विकास अब से बेहतर हो सके ।

**-मो. यामीन, वार्ड न.8 गदरपुर**

युवा चेहरे से हमें इस बार उम्मीद है गदरपुर का विकास तीव्र गति के साथ होगा हम जात-पात को छोड़कर अभिषेक वर्मा के साथ हैं।

**-सलीम,वार्ड नंबर 3 गदरपुर**

# श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव रविंद्र नगर वार्ड 37 में गत रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आज प्रात: विधि विधान से महासप्तमी पूजा की गई। गत रात्रि आयोजित डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,पूर्व मेयर मीना शर्मा, अनिल शर्मा, हिमांशु गाबा, सीपी शर्मा ने पूजा में भाग लेकर पूजा की शुरुआत की। जिसमे बच्चों ने सुंदर





डांस किया। एकल डांस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर नितिन चौहान, शांतनु दूसरे स्थान पर सागर और अभय तीसरे स्थान पर अफान टॉयबाए रहे। ग्रुप और डुएड मैं प्रथम स्थान पर गोल्डन बॉस, दूसरे स्थान पर आकाश और कनक, तीसरे स्थान पर रुद्रा ग्रुप कुईन हांपपर रहे। सभी को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक सनी पाल, कविता सिंह, अजय दास थे। इस मौके पर अध्यक्ष एसपी सरकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वास, उपाध्यक्ष अर्जुन विश्वास, सचिव मानव सरकार, सह सचिव महेश मंडल, मनीष सरकार, कमलेश सरकार, कोषाध्यक्ष तारक अधिकारी, सह कोषाध्यक्ष सुकुमार सरकार, मुख्य सुकांत विश्वास, व्यवस्था प्रभारी रामानंद जोददार, आकाश मंडल ,प्रभारी अभिमन्यु देव राय, गोपाल सरकार, श्रीमती भारती सरकार, मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा मौजूद रहे।




# दुर्गा पूजा में बांग्ला सांस्कृतिक कार्यक्रमों से श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी वार्ड 35 में श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा महोत्सव में गत रात्रि बांग्ला कलाकारो द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सैकडों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज प्रात: शक्तिफर्म से पधारे पंडित नरेन्द्र चटर्जी द्वारा आज 7.25 बजे तक महासप्तमी व 7.25 बजे से महाअष्टमी की पूजा विधि विधान से प्रारंभ की गई जो कल प्रात: 6:48 बजे तक होगी। आज 10:30 बजे से पुष्पांजलि पूजा हुई। पूजा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। गत सायंकाल संध्याकालीन आरती के पश्चात उद्धघाटन समारोह हुआ। आगोमोनी संगीत अनुष्ठान बाऊल गान भोला सम्प्रदाय शक्तिफार्म द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही बांग्ला कलाकार नितिन वर्मन, पंकज वैद्य, उत्तम अधिकारी, दीपक विश्वास, प्रभात मंडल तथा सुखरंजन विश्वास ने अपने प्रस्तुति





से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा कार्यक्रम में पैरा मेडिकल बैडमिंटन में कई अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मनोज सरकार सहित पूजा कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, उपाध्यक्ष कौशिक पाल, पवित्र राय, संजय ढाली, अनुज हालदार, प्रताप बाला, प्रशांत विश्वास, शिवा वैद्य, सचिव सूरज राय, उप सचिव राजेश मिस्त्री, कोषाध्यक्ष सुजीत मित्र, आडीटर असीम गुहा, सूचना प्रभारी सरोज राय,उत्तम अधिकारी, श्यामल राय, देव शंकर शील, गौरंग विश्वास, तपन विश्वास, देवदास सरकार, कृष्ण देवनाथ, निरपेन बर्मन, गौतम घरामी, रविन्द्र धर, वोलेंटियर अध्यक्ष अमित हालदार, कार्यक्रम संयोजक संजीत मिस्त्री, मण्डवी विभूती विस्वास, मनि मण्डल, निरोज हाजरा, आरती सरकार, सावित्री सरकार, कल्पना मण्डल, रीना सरकार, रजनी शील, ढ़ाकी मिलन विश्वास, शक्ति फार्म परामानिक बनोमांली शील, गुनघर गुह, गोविन्द राय सुशान्त राय, गणेश सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक,गणेश राय, विमल घरामि, खगोपति विश्वास, कंकन विश्वास, अशोक मण्डल, नारायण पाल, महादेव हाजरा, जयदेव मदक, लुडन मण्डल. डा.रणजीत मिस्त्री, गोविन्द विश्वास, संजय आईच, ज्योतिष कराती, दुलाल राय, विनय विश्वास, परिमल सरकार, विधान सरकार, किशन सरकार, हेमलाल अधिकारी, विकास, काशीनाथ हाजरा,विष्णु सरकार, देवु मण्डल, अमित सरकार, दीपक हालदार, अशोक राय, रंजन समददार, तपन मजूमदार,मंटू मजूमदार, गौरंग पाल, दीपक विश्वास, सपन साना, अजित मजूमदार, नरोत्तम राय, शंकर पाल, कनि मण्डल, भुवन सरकार आदि मौजूद थे। आज रात्रि रंगारंग कार्यक्रमों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।